आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 19.09.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- वर्ल्ड फूड इंडिया प्रदर्शनी नई दिल्ली में शुरू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – सरकार खाद्य क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता और सुरक्षा के लिए वैश्विक मानक स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध।
- आदि कैलाश यात्रा फिर से भुरू, आज छह सौ से अधिक श्रद्धालुओं को जारी किये गये इनर लाइन पास।
- मानसून सीजन में बंद हुई सड़कों को खोलने का काम युद्ध स्तर पर जारी, पिछले चार दिन में खोली गई तीन सौ से अधिक सड़कें।
- केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने उत्तराखंड के चार गांवों को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार देने की घोशणा की।

वर्ल्ड फूड इंडिया 2024

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार देश के खाद्य क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता और सुरक्षा के वैश्विक मानक स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 प्रदर्शनी के अवसर पर एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में एक जीवंत और विविध खाद्य संस्कृति है। किसान देश के खाद्य पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ हैं। सरकार किसानों की मदद के लिए नई नीतियां लेकर आ रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश में रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचे और श्रंखलाओं का एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र बना रही है। प्रधानमंत्री ने वर्ल्ड फूड इंडिया–2024 में कई देशों की भागीदारी पर कहा कि यह दुनिया के साथ काम करने का एक आदर्श मंच है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस मंच पर खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता मानकों और सर्वोत्तम प्रथाओं जैसे व्यापक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने प्रसंस्करण उत्पादों की गुणवत्ता और ब्रांडिंग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

आदि कैलाश यात्रा फिर से शुरू

पिथौरागढ़ जिला प्रशासन ने आदि कैलाश यात्रा एक बार फिर से शुरू कर दी है। प्रशासन ने आज से यात्रियों के लिए इनर लाइन पास जारी करना शुरू कर दिया है। यात्रा शुरू होने के बाद आज पहले दिन 600 से अधिक यात्रियों को इनर लाइन पास जारी किए गए। पिथौरागढ़ के जिलाधिकारी विनोद गिरि गोस्वामी ने बताया कि बड़ी संख्या में इनर लाइन के आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। लेकिन ऊंचाई वाले इलाकों में यात्रियों के रहने और खाने की व्यवस्था को देखते हुए ही पास जारी किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने सभी यात्रियों से स्थानीय प्रशासन का सहयोग करने की अपील की है, ताकि सभी यात्री सुरक्षित तरीके से यात्रा पूरी कर पांए।

वही स्थानीय लोगों ने भी यात्रा को सुव्यवस्थित ढंग से जारी रखने के लिए जिला प्रशासन से आदि कैलाश यात्रा मार्ग के सभी संवेदनशील इलाकों में मलबा साफ करने वाली मशीने तैनात रखने की मांग की है, ताकि सड़क बंद होने की स्थिति में जल्द से जल्द उसे खोला जा सके और यात्रियों को कोई परेशानी ना हो।

## प्रशिक्षण कार्यक्रम

कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल में आठ दिवसीय एसएसबी प्रशिक्षण कार्यक्रम भाुरू हो गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुमाऊँ विश्वविद्यालय के 32 विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डीएस रावत ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों को भारतीय सेना में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए तैयार करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि और दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर पीसी जोशी ने कहा कि यह प्रयास छात्रों को आत्मविश्वासी और मजबूत बनाकर उन्हें देश की सेवा के लिए तैयार करेगा।

## कृषि चौपाल

केन्द्र सरकार कृषि अनुसंधान और तकनीक पर अगले महीने से कृषि चौपाल नाम से रेडियो और टीवी कार्यक्रम शुरू करेगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नवीनतम कृषि अनुसंधान और तकनीक की जानकारी उपलब्ध कराना है। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में कृषि मंत्रालय की 100 दिन की उपलब्धियां बताते हुए इस कार्यक्रम की घोषणा की। श्री चौहान ने कहा कि किसानों से सीधे जुड़कर वैज्ञानिक उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे।

## सड़क सुदृढीकरण

प्रदेश में मानसून सीजन के दौरान बंद हुई सड़कों को तेजी से खोलने का काम जारी है। पिछले चार दिन में प्रदेश भर की 307 बंद सड़कों को खोल दिया गया है हांलाकि अभी भी प्रदेश भर में 150 से ज्यादा सड़के बंद है जिनको खोलने के लिए युद्ध स्तर पर काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आपदा प्रबंधन सचिव से 25 सितंबर तक सड़कों से संबंधित विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इसके बाद सचिव आपदा प्रबंधन ने सभी जिलाधिकारियों से रिपोर्ट तलब की है।

आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने बताया कि बंद सड़कों को खोलने का युद्धस्तर पर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा भी सुचारू रूप से संचालित हो रही है और तीर्थयात्रा के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का आंकड़ा भी बढ़ने लगा है।

## निरीक्षण

इस बीच, चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बदरीनाथ राश्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को भूस्खलन वाले क्षेत्रों का स्थाई उपचार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों के दोनों तरफ चेतावनी साइन बोर्ड लगाए जाएं। उन्होंने सुरक्षा के लिए राजमार्ग पर खाई की तरफ ड्रम और रिफ्लेक्टर लगाने को कहा ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## पर्यटन ग्राम पुरस्कार

केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने उत्तराखंड के चार गांवों को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार देने की घोशणा की है। पर्यटन मंत्रालय 27 सितम्बर को अंतराष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर यह पुरस्कार देगा। उत्तरकाशी जिले के जखोल गांव को साहसिक पर्यटन और हर्षिल गांव को वाइब्रेंट विलेज तथा पिथौरागढ़ जिले के सीमान्त गुंजी गांव को वाइब्रेंट विलेज और नैनीताल जिले के सूपी गांव को कृषि पर्यटन के लिए सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम पुरस्कार के लिए चुना गया है।

## महिला स्वयं सहायता

नगर निगम देहरादून के विभिन्न वार्डों से शुल्क एकत्रीकरण का काम अब महिला स्वयं सहायता समूह करेंगी। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि महिला स्वयं सहायता समूह को नगर निगम के 38 वार्डों से कूड़ा एकत्रीकरण का शुल्क जमा करने की जिम्मेदारी सौंप दी गई है। सभी महिला समूह को वार्डों का आवंटन कर दिया गया है। समूह की महिलाओं को शुल्क वसूलने पर पारिश्रमिक दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम के शेष नौ वार्डों में भाुल्क एकत्रीकरण के लिए आवेदन पत्र मांगे जांएगे।

## मैरॉथन

उत्तराखंड के हरेला पर्व को राष्ट्रीय पर्व घोषित करने की मांग को लेकर तृतीय केदार तुंगनाथ मंदिर से नई दिल्ली के लिए 500 किलोमीटर हरेला मैराथन दौड़ शुरू हो गई है। इस मैराथन में उत्तराखंड की फ्लाइंग गर्ल भागीरथी बिष्ट, सिरमौरी चीता और अंतरराष्ट्रीय एथलीट सुनील शर्मा सहित अन्य कई लोग हिस्सा ले रहे हैं। पहले दिन मैराथन तुंगनाथ मंदिर से चोपता, मक्कूमठ होते हुए रुद्रप्रयाग पहुंची। हरेला मैराथन दौड़ के आयोजक अभिषेक मैठाणी ने बताया कि 20 सितंबर को मैराथन रुद्रप्रयाग से देवप्रयाग, 21 सितंबर को देवप्रयाग से ऋषिकेश, 22 सितंबर को ऋषिकेश से रामपुर–तिराह, मुज्जफरनगर पहुंचेगी। इसके बाद 23 सितंबर को मैरॉथन मेरठ पहुंचेगी और 24 सितंबर को नई दिल्ली स्थित गढ़वाल भवन में मैरॉथन का समापन होगा। नई दिल्ली में गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी के माध्यम से हरेला को राश्ट्रीय पर्व घोशित करने का मांगपत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपा जाएगा।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा

रूद्रप्रयाग के जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने आज गुप्तकाशी के रतूडा गांव में स्थानीय किसान वीरेंद्र सिंह के खेत में जाकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत धान की फसल कटाई प्रयोग का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आधुनिक और जैविक खेती के कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसके तहत किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज और उचित प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे उनकी आर्थिकी मजबूत हो सके। उन्होंने किसानों अधिक से अधिक फसल बीमा कराने का सुझाव दिया ताकि उन्हें फसल क्षति से बचाया जा सके।

## महिला बेस अस्पताल

चमोली जिले के महिला बेस अस्पताल सिमली में सृजित पदों के सापेक्ष चिकित्सकों की तैनाती और रिक्त पदों का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को यह निर्दे□ा दिए। उन्होंने अस्पताल में महिला मेडिकल ऑफिसर की तैनाती के साथ ही रोटेशन के आधार पर गायनोलॉजिस्ट, रेडियोलॉजिस्ट और लैब टेक्नीशियन की व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने सीएसआर मद में स्वास्थ्य विभाग को मिलने वाली ब्लड टेस्टिंग मशीन को सिमली बेस अस्पताल में स्थापित करने को कहा। अस्पताल की सुरक्षा और सफाई की समस्या पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को पीआरडी से सुरक्षा कार्मिक की तैनाती के लिए शीघ्र प्रस्ताव उपलब्ध कराने और सफाई कर्मचारी तैनात करने के निर्देश दिए।

पेंशनर

चमोली जिले के पेंशनरों को अपने कोषागार में आधार, पैन और मोबाइल नंबर को अपडेट कराना होगा। मुख्य कोषाधिकारी ने बताया कि पेंशनर के आवश्यक दस्तावेजों को डेटाबेस में अपडेट किया जाना है। उन्होंने कहा कि पेंशनर किसी भी कार्यदिवस पर पेंशन डेटाबेस में अपडेट करवा सकते हैं।